मुश्किल करे आसान जो वो नाम तो हनुमान है लिरिक्स

मुश्किल करे आसान जो,
वो नाम तो हनुमान है,
ये बल के अतुलित धाम है,
महादेव के अवतार है।bd।

देखे – वो हनुमान है।

सियाराम के कारज सँवारे,
लखन जी के प्राण उबारे,
राम जो सबके सहारे,
तुम बने उनके सहारे,
दु:ख सिंधु से करे पार जो,
वो नाव तो हनुमान है,
मुश्किल करें आसान जो,
वो नाम तो हनुमान है।bd।

जिस मुख में इनका नाम है,
चिंता की फिर क्या बात है,
भटके नहीं जग में कभी,
जो हाथ इनके हाथ है,
कर दे असंभव को भी संभव,
मंत्र वो हनुमान है,
मुश्किल करें आसान जो,
वो नाम तो हनुमान है।bd।

मुश्किल करे आसान जो,
वो नाम तो हनुमान है,
ये बल के अतुलित धाम है,
महादेव के अवतार है।bd।

Singer – Gaurav Verma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com